ज्ञान–विज्ञान विमुक्तये

प्रो. रजनीश जैन
सचिव
Prof. Rajnish Jain
Secretary

सत्यमेव जयते

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
बहादुरशाह जफ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Ph :. 011-23236288/23239337
Fax : 011-2323 8858
E-mail : secy.ugc@nic.in

अ.शा.मि.सं.1-4/2018 (एल.ओ.सी.एफ./क्यू.आई.पी.) 21 अक्टूबर, 2019

**विषय : <u>अधिगम (लर्निंग) परिणाम आधारित पाठ्यक्रम रूपरेखा (एलओसीएफ) के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन</u>**

आदरणीय महोदय/महोदया,

आप 26 से 28 जुलाई, 2018 के बीच शोध और नवाचार पर आयोजित कुलपतियों और निदेशकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनाए गए संकल्प को स्मरण करें। संकल्पों में से एक संकल्प 'शैक्षिक वर्ष **2019-20** से पाठ्यक्रम को अद्यतन बनाकर उच्चतर शिक्षा संस्थानों में अधिगम (लर्निंग) परिणाम आधारित पाठ्यक्रम रूपरेखा (एलओसीएफ) को अपनाना और कार्यान्वित करना; शिक्षाशास्त्र में उपयुक्त सुधार करके शिक्षार्थी केंद्रिक शिक्षण सीखने की प्रक्रियाओं को अपनाना' था। विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम में संशोधन के कार्य को सुगम बनाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विषय विशिष्ट विशेषज्ञ समितियों का गठन किया है। समितियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विस्तृत विचार-विमर्श और व्यापक परामर्श के पश्चात, विभिन्न विषयों में एलओसीएफ रिपोर्ट तैयार की हैं। अपेक्षित अधिगम (लर्निंग) परिणामों को प्राप्त करने के लिए परिणाम-उन्मुख पाठ्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए **09** विषयों भौतिकी, अंग्रेजी, गणित, वनस्पति विज्ञान, नृविज्ञान, मानवाधिकार, अपराध-विज्ञान, मनोविज्ञान, पुस्तकालय-विज्ञान की अंतिम एलओसीएफ रिपोर्टें पहले ही यूजीसी की वेबसाइट (<u>https://www.ugc.ac.in/ugcnotices.aspx?id=2527</u>) पर उपलब्ध हैं। इसी के क्रम में, **07** और विषय इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान, हिंदी, सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, जनसंचार और पत्रकारिता, लोक प्रशासन, जैव रसायन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वेबसाइट (www.ugc.ac.in) पर उपलब्ध हैं।

अनुरोध है कि कृपया पाठ्यक्रम में उपयुक्त संशोधन के लिए आवश्यक उपाय करें और इस संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट <u>locfugc@gmail.com</u> और <u>neethuthulasi.ugc@gov.in</u> पर भेजें।

सादर,

भवदीय,

रजनीश

**(रजनीश जैन)**

**<u>सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति</u>**

प्रतिलिपि : प्रकाशन अधिकारी, यूजीसी- यूजीसी की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए